प्रेस नोट दिनाँक-04-07-2021

(1). दिनाँक-04.07.2021 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में श्री सुशीलचन्द्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोलसा, करका आश्रम एवं डभौरा के जंगलों में गौरी यादव गैंग की धरपकड़ हेतु कॉम्बिंग की गयी।

(2). उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में दिनांक 04.07.2021 को एण्टी रोमियो टीम थाना रैपुरा द्वारा ग्राम बरेठी में, एण्टी रोमियो टीम थाना बहिलपुरवा द्वारा रेलवे स्टेशन बहिलपुरवा व ग्राम कोलिहाई में भ्रमण कर, एण्टी रोमियो टीम थाना मऊ द्वारा बाजार रोड मऊ ,बस स्टैंड मऊ ,सराफा मार्केट ,आनंदी माता मंदिर में, एंटी रोमियो टीम थाना पहाड़ी द्वारा पहाड़ी कस्बा क्षेत्र में भ्रमण कर, एण्टी रोमियो टीम थाना मानिकपुर द्वारा कस्बा मानिकपुर में, एण्टी रोमियो टीम थाना मारकुण्डी द्वारा रेलवे स्टेशन एवं कस्बा मारकुण्डी में, एण्टी रोमियो टीम महिला थाना द्वारा कर्वी शहर में भ्रमण कर महिलाओं/ बालिकाओं को मास्क लगाने हेतु जागरूक किया । सभी से अपील की कोई भी अनावश्यक रूप से अपने घर से बाहर न निकलें/घूमें कोरोना वायरस से अपने व अपने परिवार को बचाये। महिला आरक्षियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही मास्क लगाने एवं कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्री सुभाषचन्द्र चौरसिया प्रभारी निरोक्षक थाना मानिकपुर के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा तिगैलिया मोड़ से अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र मोतीलाल निवासी पटेल नगर कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को 22 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 72/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

बरामदगी:-

22 अदद क्वार्टर देशी शराब

बरामदगी करने वाली टीम:-

1. उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय थाना मानिकपुर
2. आरक्षी पंकज कुमार

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अपहृता/गुमशुदा की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में उ0नि0 श्री रामवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 714/19 धारा 363 से सम्बन्धित पीड़िता को सकुशल बरामद कर वाँछित अभियुक्त सत्यम उर्फ सोनू पुत्र उमेशचन्द्र नाई निवासी बच्चा ढ़ाबा के पास कपसेठी कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी/गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1. उ0नि0 श्री रामवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर
2. आरक्षी प्रकाश मिश्रा
3. आरक्षी सोमदेव
4. महिला आरक्षी राखी
5. महिला आरक्षी रूचि

(5). यूपी 112 जनपद चित्रकूट

जनपद चित्रकूट पीआरवी 2035 थाना राजापुर अंतर्गत दिनाँक 03/07/2021 को अपने इवेंट को अटेंड करके सरधुआ से वापस आ रही थी तभी पीआरवी कर्मियों ने देखा कि बरगाड़ी का पुरवा के पास एक बाइक का एक्सीडेंट हो गया है

जिससे एक व्यक्ति रोड पर बेहोश पड़ा हुआ है। पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल फील्ड इवेंट 6885 समय 11:59 बनाया गया और पीआरवी कर्मियों ने तत्काल घायल व्यक्ति श्रवण कुमार शुक्ला पुत्र रुद्र प्रसाद शुक्ला निवासी भटरी थाना राजापुर को पीआरवी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में भर्ती कराया गया है। घायल के परिजनों को फोन द्वारा सूचना दी गई है। परिजन मौके पर आ गये

पीआरवी स्टाफः-

1. कमांडर – मुख्य आरक्षी मोहम्मद हुसैन
2. सब कमांडर - आरक्षी गौरव पांडेय
3. पायलट – आरक्षी जगराम यादव

(6). दिनाँक-01.07.2021 से 07.07.2021 तक मनाए जा रहे वन महोत्सव के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में जनपद के थाना चौकियों में प्रभारी निरीक्षकों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी में नियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ एवं पुलिस लाइन चित्रकूट में पुलिस लाइनमें नियुक्त अधि0/कर्मचारीगणों एवं रिक्रूट आरक्षियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित कर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया।